हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

12 बीते वर्ष पुलिस ने 13 इनामी बदमाशों सहित 3961



11 नव वर्ष पर कवि सम्मेलन आयोजित जंगल...



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे के आरोपी दो चालक काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो रोडवेज बस चालकों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने सड़क हादसे में घायल व्यक्ति के बयान पर गत वर्ष 25 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने रोडवेज बस चालक लूला अहीर निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। इसी रोडवेज बस से 29 दिसंबर को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में पुलिस ने खलियावास निवासी रोडवेज चालक रविंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रोडवेज बस को भी थाने में जब्त किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सिटी थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति के बयान पर 19 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने सनसिटी सोसायटी निवासी पीयूष को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया।

### कई मामलों के आरोपी को भेजा जेल

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामलों में आरोपी शिवम को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। एचएसएनसीबी की टीम ने बलभद्र सराय निवासी शिवम को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज कराया गया था।

## आसमान से दिनभर बरसता रहा कोहरा, सड़कें और बाजार हुए सुनसान

# सीजन का सबसे ठंडा रहा साल का पहला दिन, शीतलहर से घरों में कैद हुए लोग

» कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित, बाजारों में भी सन्नाटा
» आज भी छाए रहेंगे बादल व कोहरा, ठंड का बढ़ेगा प्रकोप

अधिकतम तापमान इस सीजन में पहली बार 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ 17.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री बढ़कर 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने से ठंड का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साल का पहला दिन सर्दी के इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। कड़ाके की ठंड ने लोगों को घरों में दुबके रहने पर मजबूर कर दिया। आसमान में बादल छाने के बाद शाम के समय कुछ इलाकों में फुहारें भी गिरीं, जिससे मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया।

कोहरे का प्रकोप भी साल के शुरू में ही बढ़ने लगा है। शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाने व बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है, जिससे कोहरा ज्यादा गहरा सकता है। अभी तक दिन के समय मौसम का मिजाज गर्म हुआ था। पिछली साल के अंतिम दिन अधिकतम तापमान में गिरावट आई, जो साल के पहले दिन और कम हो गई। अधिकतम तापमान इस सीजन में पहली बार 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ 17.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री बढ़कर 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने से ठंड का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। हवा में नमी का स्तर 95 प्रतिशत तक पहुंच गया। शुक्रवार को सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई। ट्रेनों का संचालन भी कोहरे के कारण देरी से होने लगा है। लगभग आधा दर्जन एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन आधे से एक घंटे की देरी से हुआ। आसमान में बादल छाने के बाद शाम के समय कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद देर सायं घना कोहरा छा गया। इस सीजन में दिन के समय मौसम सर्वाधिक ठंडा रहा, जिस कारण बिना आवश्यक कार्य के लोग घरों से बाहर नहीं निकले।



रेवाड़ी। वीरवार शाम को कोहरे की चादर में लिपटा शहर।



रेवाड़ी। वीरवार शाम को शीतलहर से बचाव करते गावल रोड से गुजरते लोग

### सर्दी बढ़ने के आसार



बाजार से लेकर सड़कों तक सन्नाटा छाया रहा। सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाते दिखे लोग। मौसम विभाग के अनुसार 2 जनवरी को भी मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हो सकती है। कोहरा और अधिक गहराने के आसार हैं, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित होगा। दिन के तापमान में अभी और कमी आने के आसार हैं।

### अधिक ठंड से फसलों को फायदा होने के आसार



कृषि विशेषज्ञों के अनुसार दिन के तापमान में कमी आने से सरसों और गेहूं की फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा। अभी तक दिन के समय मौसम गर्म रहने के कारण दोनों फसलों के रोगों की चपेट में आने की आशंका बनी हुई थी। इस समय अगर अच्छी बारिश होती है, तो वह दोनों फसलों के लिए काफी गुणकारी साबित होगी। कृषि विशेषज्ञों की सलाह है कि ठंड पर किसानों को फसलों की हल्की व नियमित सिंचाई करनी चाहिए। अगर बारिश होती है, तो कुछ दिन तक सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### ठंड से बढ़ने लगा प्रदूषण का स्तर

मौसम ठंडा होने व हवा में नमी के चलते धारूहेड़ा का एक्यूआई 250 के आसपास पहुंच गया। अगर बारिश नहीं होती है, तो ठंड बढ़ने के साथ ही एक्यूआई में और इजाफा हो सकता है। ठंड के मौसम में प्रदूषक कारक तत्व वायुमंडल की निचली स्तह के आसपास ही मंडराते रहते हैं। इससे आसमान में धूल और धुएं की चादर छाई रहती है। इस समय अगर बारिश होती है, तो उससे प्रदूषण साफ होने में काफी मदद मिलेगी। एक्यूआई कम होने से लोगों को प्रदूषण से काफी हद तक निजात मिल जाएगी।

# सुपरवाइजर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



माजरा गांव में किराए के कमरे में रह रहे निर्माणाधीन एम्स के साइट सुपरवाइजर ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया।

मूल रूप से यूपी के पूरेपटई पूरेप्रेम गांव निवासी 23 वर्षीय गोविंद माजरा में एम्स की बिल्डिंग का निर्माण कराने वाली कंपनी एलएंटी में साइट सुपरवाइजर था। वह गांव माजरा में कमरा किराए पर लेकर रह रहा था। गत बुधवार को वह अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। देर शाम को उसके साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों ने उसके कमरे पर पहुंचकर देखा, तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस का दी। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू की गई। बाद में मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई। रात को शव मोर्चरी में रखवाने के बाद पुलिस ने वीरवार सुबह पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# यूपी के युवक ने फांसी लगाकर जान दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया
- पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी

मसानी में किराए के मकान में रह रहे एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। रूप से यूपी के चंदोसी निवासी श्याम बाबू मसानी में एक मकान में किराए पर रह रहा था। वीरवार सुबह जब वह देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं आया, तो वहां रहने वाले लोगों ने कमरे में झांककर देखा। उसका शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दियाइसके बाद पुलिस ने शव को सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।



## खबर संक्षेप

### सीआईए के हत्थे चढ़ा चोरी का आरोपी

रेवाड़ी। सीआईए ने चोरी के फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बावल थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने गत वर्ष 28 दिसंबर को केस दर्ज किया था। मामले की जांच सीआईए की टीम कर रही थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पलवल के खिल्लूका निवासी इलियास खान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे चोरी किए गए सामान की रिकवरी की जाएगी। आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

कोसली। कोसली थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत वर्ष 29 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के शाहदरा निवासी अंशुल धींगड़ा को गिरफ्तार किया है।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

जाटूसाना। रोहड़ाई थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने एक मामले में बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी उपस्थित नहीं होने पर राजस्थान के गोलावास निवासी करण सिंह को पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ रोहड़ाई थाना पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गत 31 दिसंबर को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### नेहरूगढ़ से 50 वर्षीय व्यक्ति लापता

कोसली। नेहरूगढ़ गांव के एक व्यक्ति ने अपने पिता की गुमशुदगी की सूचना नाहड़ पुलिस चौकी में दी है। मोहित ने बताया कि उसके 50 वर्षीय पिता शीशराम मंगलवार प्रातः बिना किसी को कुछ बताए दुकान से चले गए। उन्होंने आस-पास व रिश्तेदारी में पता किया लेकिन उनका कोई पत्ता नहीं चल पाया। पुलिस ने मोहित की सूचना पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### बाल कवि भारत, नमन व हर्षित की रचनाओं से किया शुभारंभ

# नव वर्ष पर कवि सम्मेलन आयोजित जंगल-हरियाली बचाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

बाबा धूणावाला आश्रम व कोसली की सामाजिक संस्था प्रेरणा की ओर से नव वर्ष पर बालधन खुर्द आश्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल कवि भारत, नमन व हर्षित की रचनाओं से किया गया। डा. त्रिलोकचंद फतेहपुरी ने अपनी रचनाओं से प्रदूषण मिटाने व देवी राम शर्मा व दलबीर फूल ने अपनी रचनाओं स्वर्ग बनाना सै, धरा को बचाना है, पेड़ों को लगाना सै और हरियाली हो इस देश मै प्रकृति को बचाना सै आदि रचनाओं से जंगल व हरियाली को बचाने का संदेश दिया। संस्था के प्रधान गुरदयाल सिंह ने सभी का स्वागत व महासचिव सतबीर इंदौरा ने मंच संचालन करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संदीप, राजपाल, जीतू, उर्मिला, रेणुका, अलका व मूर्ती सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संस्था के प्रधान गुरदयाल सिंह ने सभी का स्वागत किया



रेवाड़ी। कार्यक्रम में बाल कवियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### नव वर्ष पर जैन मंदिर में हुआ शांतिनाथ महामंडल विधान, श्रद्धालु भक्तिभाव से झूमे


रेवाड़ी जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पूजा-अर्चना में भाग लेते श्रद्धालु।

रेवाड़ी। नव वर्ष के आगमन पर शहर के अतिशय क्षेत्र जैन नसियाजी स्थित भगवान शांतिनाथ मंदिर के प्रांगण में वीरवार को श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विधान के पुण्यार्जक धर्मप्रेमी पोलियामल जैन व सत्येन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था की। प्रातः भगवान शांतिनाथ को महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजन किया गया। सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य मयंक जैन व नेन्सी जैन को प्राप्त किया। विधानाचार्य राजेश कुमार शास्त्री के संचालन में श्रद्धालुओं में जोश भर गया। भोपाल से आई विक्की एंड पार्टी ने मधुर संगीत दिया। भजनों पर श्रावकों ने भक्तिभाव से नृत्य किया।

### गांव रतनथल में 35 जरूरतमंद परिवारों को शीघ्र मिलेगा आशियाना

कोसली। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में उपमंडल के गांव रतनथल में 35 परिवारों को सौ-सौ गज के प्लाट आवंटित कर दिए गए हैं और इनकी रजिस्ट्री भी लाभपात्रों को दे दी गई है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि पंचायत एवं विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना चलाई जा रही है। इस योजना के लिए पात्र परिवार का बीपीएल होना जरूरी है, जिसकी वार्षिक आय एक लाख से कम होनी चाहिए। व्यक्ति गांव का स्थाई निवासी हो और उसके पास रहने के लिए कोई पक्का मकान न हो।

पंचायत एवं विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना चलाई जा रही

#### रजिस्ट्री भी लाभार्थियों को मिल चुकी हैं

रतनथल की प्रस्तावित पीएचसी की जमीन के समीप 35 परिवारों को सौ-सौ गज भूमि के प्लाट दे दिए गए हैं, जिनकी रजिस्ट्री भी लाभार्थियों को मिल चुकी है। अब इस जमीन को विकसित करने के लिए यहां नई सड़क, पानी की निकासी, बिजली आपूर्ति, पेयजल लाइन आदि की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद हाऊसिंग फार ऑल विभाग की ओर से लाभार्थी परिवारों को मकान बना कर दिए जाएंगे। एसडीएम ने बताया कि हरियाणा सरकार ने आर्थिक रुप से कमजोर जिन परिवारों के पास रहने के लिए आशियाना नहीं है, उनके लिए यह स्कीम अत्यंत लाभकारी है।

### जैसलमेर हाइवे पर पड़ा क्षतिग्रस्त ट्राला



## जैसलमेर हाइवे पर डिवाइडर से टकराया ट्रॉला, परखच्चे उड़े

रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर वीरवार दोपहर एक ट्रॉला डिवाइडर से टकराने के बाद दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे वाहन हादसे का शिकार होने से बच गए। बाद में क्रेन की मदद से ट्रॉले के दोनों हिस्सों को सड़क से हटवाया गया। नारनौल की ओर जा रहा ट्रॉला पिथड़ावास गांव के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ने के बाद ग्रिल से टकरा गया। हादसा इतना खतरनाक था कि ट्रॉला टूटकर दो हिस्सों में विभाजित हो गया। उसका केबिन भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने चालक को निकालकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिस समय ट्रॉला दुर्घटनाग्रस्त हुआ, उस समय वहां से गुजर रहे दो बाइक सवार बाल-बाल चपेट में आने से बच गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रॉले के दोनों हिस्सों को सड़क से हटवाया।

■ हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल


जैसलमेर हाइवे पर पड़ा क्षतिग्रस्त ट्राला व जमा लोग।

## सीएचसी नाहड़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. प्रीति यादव ने संभाला कार्यभार

■ वर्तमान में नाहड़ सीएचसी में 4 चिकित्सक सेवारत हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. प्रीति यादव ने वीरवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके कार्यभार संभालने से हरियाणा सरकार द्वारा संचालित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में नाहड़ सीएचसी में 4 चिकित्सक सेवारत हैं। एमबीबीएस, डीजीओ व एफएमएएस डिग्रीधारी डा. प्रीति यादव को महिला स्वास्थ्य एवं प्रसूति रोगों के क्षेत्र में विशेष अनुभव प्राप्त है। डा. प्रीति यादव ने कहा कि वे क्षेत्र की महिलाओं को समर्पित भावना से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि अब नाहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन के माध्यम से सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में ओटी पूरी तरह फंक्शनल है। नाहड़ सीएचसी के चिकित्सकों व स्टाफ ने डा. प्रीति यादव का स्वागत किया। इस मौके पर डा. योगेन्द्र, डा. भावेश, डा मंजूलता, फामेर्सी ऑफिसर भगत सिंह, संजय यादव, दिनेश, युधिष्ठिर, अमित व बिजेंद्र कुमार उपस्थित थे।


रेवाड़ी। डा : प्रीति यादव का स्वागत करते चिकित्सक व स्टाफ सदस्य।

### किसान के खेत से मोटर की केबल व पाइप चोरी

नारनौल। गांव नांगल सोडा में चोरों ने एक किसान के खेत में बने ट्यूबवेल से समर्सिबल मोटर की 300 फुट लंबी केबल और 10 प्लास्टिक पाइप चोरी कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नांगल सोडा निवासी कैलाशचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसने अपने खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर बिजली कनेक्शन ले रखा है। गत 29 व 30 दिसंबर 2025 की मध्य रात को अज्ञात व्यक्ति उसके ट्यूबवेल से समर्सिबल मोटर की केबल चोरी कर ले गए। इसके अलावा कुएं के पास रखे हुए 10 प्लास्टिक पाइप भी चोर उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी हुई।

## हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में वैज्ञानिक नियुक्त हुए डा. अनुभव प्रदीप

■ अनुभव ने बीएससी ऑनर्स रसायन विज्ञान की पढ़ाई दिल्ली विवि के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में डा. अनुभव प्रदीप का चयन हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। डा. अनुभव स्व. डा. प्रदीप शर्मा प्रधानाचार्य के ज्येष्ठ पुत्र हैं। डा. अनुभव ने बीएससी ऑनर्स रसायन विज्ञान की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज से की। इसके उपरांत उन्होंने एमएससी ऑनर्स की डिग्री दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मुरथल से प्राप्त की तथा आगे चलकर पीएचडी की उपाधि भी हासिल की। उनके छोटे भाई डा. युवराज भी एमबीबीएस हैं तथा माता शोभा भारद्वाज पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। डा. अनुभव की पत्नी आरुषि वशिष्ठ इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में रसायन शास्त्र विषय में रिसर्च स्कॉलर हैं।

#### उपलब्धि पर दी बधाई


डा. अनुभव प्रदीप

डा. अनुभव की उपलब्धि पर भगवान परशुराम शिक्षा समिति के प्रधान सत्यप्रकाश गौतम, पूर्व प्रधान बलबीर शर्मा, महासचिव एडवोकेट अजय शर्मा, धर्मेंद्र खटाना, डीएसपी मदनलाल, शिव कुमार, हरित, लक्ष्मी नारायण शर्मा, जगदीश राय वशिष्ठ, वासुदेव शर्मा, प्रद्युम्न नंबरदार, डा. दुष्यंत यादव, डा. लक्ष्मी नारायण शर्मा, सुमेर सिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल, लालाराम हेडमास्टर, निरंजन शर्मा, सत्यरूप शर्मा, कपिल यादव एडवोकेट, सुरेश शर्मा एडवोकेट, रिटायर्ड डीईओ धर्मवीर बल्ड़ोदिया, वर्तमान डीईओ विजेंद्र हुड्डा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया, राजकुमार डीसी ऑफिस, मास्टर बाबूलाल शर्मा, रविकांत शर्मा और नेमीचंद ने परिवार को बधाई दी है।

### खाटूवाले श्याम के भंडारे का आयोजन



धारूहेड़ा। वीरवार को नव वर्ष के आगमन पर श्री श्याम प्रेमियों की ओर से भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बाबा के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। धारूहेड़ा के सोहना रोड पर स्थित सैनीपुरा मोहल्ला में श्याम प्रभु खाटूवाले का भंडारा देर शाम तक चलता रहा। वहीं श्री साईं सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर पर बाबा का भंडारा लगाया तथा गांव की फिरनी में दुकानदार रविन्द्र ने प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं की ओर से नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया।

## समाधान शिविर में अवैध कब्जे हटवाने, सफाई और बिजली की शिकायतों पर की सुनवाई

■ एसडीएम ने गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से जनसेवा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने का सशक्त माध्यम बने हुए हैं। एसडीएम ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए विभागों के अधिकारियों से प्राथमिकता से निवारण करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव गंगायचा अहीर में पंचायत की जमीन के रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत पर डीडीपीओ को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नसियाजी रोड पर सफाई न होने व गांव कारौली में बिजली का मीटर खराब होने की शिकायत पर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। शिविर में आपूर्ति, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, राशन कार्ड व पुलिस सहित से अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें आई, जिनमें कई समस्याओं की मौके पर निवारण किया गया। वहीं लंबित शिकायतों का भी प्राथमिकता से समाधान कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए एसडीएम सुरेश कुमार।

### मिड डे मील वर्कर आज करेंगे प्रदर्शन

नारनौल। मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी की ओर से दो जनवरी को लघु सचिवालय लम्बित मांगों को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला प्रधान सुनीता व जिला सचिव सन्तोष यादव ने बताया कि प्रदर्शन को एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह सम्बोधित करेंगे। उप प्रधान संतोष पालड़ी, ब्लाक प्रधान हेमलता, प्रेमलता, माया, सुमित्रा, लक्ष्मी देवी, पूर्व प्रधान बिमला, अजीता, पुष्पा, मनीषा, सुशीला, स्नेहलता ने जिले की मिड डे मील कार्यकर्ताओं से 11 बजे लघु सचिवालय पंहुचने की अपील की है।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना में महिलाओं को मिल रहा 5 लाख रुपये तक का ऋण

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार ने महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक तौर पर सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत डेयरी, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है। इन गतिविधियों में महिलाएं यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढ़ोने के वाहन, थ्री व्हीलर, ई रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोस्टेट की दुकान, पापड़ बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टाल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस व मिट्टी के बर्तन बनाने का काम शुरू कर सकती है। डीसी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए महिला की वार्षिक आय पांच लाख रुपए से कम व हरियाणा की स्थायी निवासी होनी चाहिए। ऋण के लिए आवेदक के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्त का भुगतान करने पर तीन वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी।


डीसी अभिषेक मीणा

**शिविर** कैंप के दूसरे दिन 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

## एनएसएस वॉलंटियर्स को टीमवर्क, मोबाइल का दुरुपयोग और स्ट्रेस मैनेज करने के दिए टिप्स

छात्रों को कानूनी पहलुओं जैसे ड्रग व ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के मुख्यातिथि दिल्ली पुलिस में एसआई ब्रह्म यादव ने कहा की अनुशासन ही विद्यार्थी जीवन और पुलिस की रीड़ है, इसके बिना न तो पुलिस बल कार्य कर सकता है और न हीं छात्र अपनी विद्यार्थी जीवन में कामयाब हो सकते है। कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को कानूनी पहलुओं जैसे ड्रग, एब्यूज व ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के तीसरे दिन वीरवार को जिला शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर के मनोविज्ञान के प्रवक्ता दीपक कुमार ने वॉलेंटियर्स को लीडरशिप टीमवर्क, मोबाइल का दुरुपयोग तथा स्ट्रेस मैनेज करने के टिप्स बताएं तथा छात्र जीवन में एनएसएस के महत्व को भी रेखांकित किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल यादव ने अतिथियों का स्वागत किया विद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन विचार गोष्ठी का विषय लैंगिक असमानता रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर श्रीभगवान, राम सिंह, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, सोनू पीटीआई, राकेश, जीतू उपनिष व रमेश देवी उपस्थित थे।


रेवाड़ी। एनएसएस वॉलंटियर्स को जानकारी देते हुए वक्ता।

### सूचना

मैं, विजय पाल पुत्र श्री राम कुमार निवासी ग्राम गोठड़ा अहीर उप तह. मनेठी तह. व जिला रेवाड़ी (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल यादव व पुत्रवधु रेणु देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र NO. JC131948N स्व. रामजी लाल शर्मा निवासी गांव झाल, तहसील कोसली जिला रेवाड़ी (हरियाणा) 123302 बयान करता हूं कि मेरे पिता के आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम Dharmendra Kumar और जन्मतिथि 20-01-1971 दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम Dharmender Kumar है और सही जन्मतिथि 02-01-1973 है और यही मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में भी दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### घरेलू पीएनजी और सीएनजी के दाम घटे

रेवाड़ी। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड यानि आईजीएल ने नववर्ष के अवसर पर रेवाड़ी जिले के उपभोक्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए घरेलू पीएनजी एवं सीएनजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। जीएम अंशुमान सिंह ने बताया कि आईजीएल की ओर से घोषित संशोधित दरों के अनुसार घरेलू पीएनजी की कीमत में 2 रुपये प्रति एससीएम की कटौती की गई है। नई दर 45.4 रुपए प्रति एससीएम होगी। वहीं सीएनजी की कीमत में 1 रुपए प्रति किलोग्राम की कमी की गई है। संशोधित दर 81.7 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित की गई है। ये संशोधित दरें 1 जनवरी से प्रभावी हो गई हैं।

### सूफी संगीत की रूहानी महफिल कल

रेवाड़ी। शहर के सरकुलर रोड स्थित निरंकारी सत्संग भवन में 3 जनवरी को भव्य रूहानी जलसे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को बज्म ए रूह नाम दिया गया है। इस रूहानी महफिल में सूफी और भक्ति संगीत की रसधार बहेगी तथा अध्यात्म, इंसानियत और आपसी भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। संत निरंकारी मिशन की जिला ब्रांच के संयोजक महात्मा हरीश कुमार ने बताया कि निरंकारी मिशन का उद्देश्य व नारा ब्रह्म की प्राप्ति, भ्रम की समाप्ति है। मिशन की सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से मिशन इस उद्देश्य की पूर्ति में लगा है। उन्होंने बताया कि रूहानी जलसे का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक शांति की अनुभूति कराना और जीवन में प्रेम, सद्भाव व सेवा भाव को प्रोत्साहित करना है।

## करोड़ों की कीमत के भारी मात्रा में अवैध हथियार, नशीले पदार्थ, अवैध शराब और अन्य उपकरण किए बरामद

# बीते वर्ष पुलिस ने 13 इनामी बदमाशों सहित 3961 अपराधियों को भेजा सलाखों के पीछे

कांपते दिखे अपराधी, 2025 में पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर कसी नकेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस विशेष तकनीक का इस्तेमाल करके अपराध व अपराधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। पुलिस की परिणाममुखी व प्रभावी कार्रवाई से अपराध ग्राफ में 17 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2024 में जहां 4586 मामले दर्ज हुए वहीं वर्ष 2025 में केवल 3808 मामले दर्ज हुए। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में हत्या के प्रयास के मामलों में 24 प्रतिशत की कमी, महिला विरुद्ध अपराधों में 41.8 प्रतिशत, मारपीट के मामलों में 18 प्रतिशत, लूट के मामलों में 73.1 प्रतिशत, स्नैचिंग के मामलों में 25.8 प्रतिशत, रंगदारी के मामलों में 33.3 प्रतिशत, वाहन चोरी के मामलों में 8.7 प्रतिशत, गृहभेदन के मामलों में 32.5 प्रतिशत तथा चोरी के मामलों में के मामलों में 30.2 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। जिला पुलिस ने अपराधों में कमी लाते हुए नशा तस्करों, शराब तस्करों, चोरों, इनामी बदमाशों, अवैध हथियार रखने वालों व अन्य संगीन वारदातों के मामलों में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने व भारी मात्रा में बरामदगी करने में विशेष सफलता हासिल की है। जिला पुलिस कप्तान हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के केसों में पुलिस की ओर से तकनीकी व वैज्ञानिक प्रणाली को अपनाकर न्यायालय में उचित पैरवी की जा रही है।

### 5 ब्लाइंड मर्डर, 3 ब्लाइंड डकैती, 7 ब्लाइंड लूट तथा 1 लूट के प्रयास की वारदातों का पदार्फाश कर 47 आरोपियों को दबोचा





दिसंबर-2025 में पकड़े गए अपराधी व बरामद असला।

### जिला पुलिस की 2025 में अपराध पर सफलता

**इनामी बदमाश :** पुलिस ने वर्ष 2025 में कुल 13 ईनामी बदमाशों को धर दबोचने में विशेष सफलता हासिल की। इन पर 5 हजार से लेकर 20 हजार रुपए तक का इनाम घोषित था। इन अपराधियों में 20 हजार का 1 तथा 5 हजार के 12 आरोपी शामिल है।

**उद्घोषित अपराधी व जमानत तर्क अपराधी :** पुलिस की गिरफ्तारी से भागे हुए उद्घोषित अपराधी तथा अदालत से काफी दिनो से गैर हाजिर चल रहे अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस ने 178 उद्घघोषित अपराधी व 59 बेल जम्परों को गिरफ्तार किया।

**नशीले पदार्थों के तस्करों पर कसा शिकंजा :** जिले में नशा तस्करों पर लगाम कसने के लिए एएनसी सहित सभी सीआईए टीमों व थानों की टीमों ने भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए। पुलिस ने वर्ष 2025 में नशा-ड्रग्स की तस्करी करने वाले 136 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 69 मामले दर्ज किए। इन आरोपियों के कब्जे से करोड़ों रुपए की कीमत का 48 किलो 332 ग्राम 144 मिलीग्राम गांजा, 524.75 ग्रामचरस-सुल्फा, 450.21 ग्राम स्मैक, 25.191 ग्राम हेरोइन, 1.332 किलोग्राम अफीम, 1.5 ग्राम एमडीएमए, 38 बोतल सिरप, 1968 नशीले कैप्सूल व 3052 प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की गई।

**अवैध असला रखने वालों पर कार्यवाही :** पुलिस ने अवैध रूप से असला रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 84 अभियोग दर्ज करके 151 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 46 देसी कट्टे, 44 पिस्टल, 5 रिवाल्वर 7 राइफल, 2 डोगा गन, 442 कारतूस, 13 मैगजीन, 22 मैगजीन की स्प्रिंग, 1 बैरल स्प्रिंग, 2 फरसे, 1 तलवार तथा एक चाकू बरामद किया गया।

**अवैध शराब के तस्करों पर हुई कार्रवाई :** आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस की ओर से अवैध रूप से शराब की तस्करी करने व बेचने वालों पर 128 अभियोग दर्ज करके 173 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 891.5 बोतल अग्रेंजी शराब, 3025.25 बोतल देशी शराब, 387 बोतल बीयर व 29 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की गई।

**लाखों रुपए के खोए मोबाइल फोन ढूंढे :** जिला पुलिस की साइबर सेल की टीम ने साइबर तकनीक के माध्यम से वर्ष 2025 में लाखों रुपए की कीमत के आमजन के 61 खोए हुए मोबाईल फोन ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया।

### गुमशुदाओं की तलाश कर परिवार से मिलाया

पुलिस ने वर्ष-2025 में जिले में लापता हुए 817 लोगों को तलाश कर उनके परिवारो से मिलाया, जिसमें 213 नाबालिग लड़के-लड़कियां व 604 महिला व पुरुष शामिल है। इनमें कुछ मानसिक रूप से बीमार, गृह क्लेश के कारण, घर से बिना बताए और कुछ परिवार वालों की ओर से पढ़ाई के लिए डांटने पर घर से गए बच्चे शामिल है।

**ब्लाइंड मर्डर, ब्लाइंड डकैती, ब्लाइंड लूट तथा लूट के प्रयास की वारदातों का पदार्फाश :** जिला पुलिस ने गत वर्ष 5 ब्लाइंड मर्डर केस का त्वरित पदार्फाश कर इनमें शामिल 10 आरोपी, 3 ब्लाइंड डकैती वारदातों का पर्दाफाश कर 15 आरोपियों व 7 ब्लाइंड लूट वारदातों में शामिल 17 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की। इसके अलावा लूट की योजना बनाने वाले 5 आरोपियों को काबू किया। आरोपियों से बड़ी मात्रा में वारदात में प्रयुक्त हथियार,नकदी व उपकरण बरामद किए गए।

**आपराधिक गैंग के 11 आरोपी पकड़े :** पुलिस ने वर्ष 2025 में 4 आपराधिक गैंग के 11 आरोपी पकडेÞ, जिनसे 80 से अधिक मुकदमें सुलझाए गए,जिनमें गृह भेदन, बेट्री चोरी,वाहन चोरी व डकैती सहित अन्य मामले शामिल हैं।

**1.5 करोड़ से अधिक के वाहन किए बरामद :** पुलिस ने वर्ष 2025 में करीब 1 करोड़ 50 लाख 92 हजार 678 रुपये की कीमत की चोरी हुई 100 बाइक, 13 स्कूटी, 3 ट्रक, 2 ट्रैक्टर, 3 ऑटो व 13 कार सहित अन्य वाहनों को बरामद कर वारदातों को अंजाम देने वाले 181 आरोपियों पर शिकंजा कसा।

### पुलिस के शिकंजे से नहीं बच पाएंगे अपराधी

पुलिस का मुख्य कर्तव्य कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन व पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलवाना है। किसी भी व्यक्ति को किसी अपराध व अपराधियों के बारे में पता लगने पर तुरंत डायल 112, संबंधित थाना, चौकी या कंट्रोल रूम को सूचित करके पुलिस का सहयोग करें। एसपी ने कहा कि अपराधी, अपराध की राह छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौटे, अन्यथा पुलिस के शिकंजे से बच नहीं पाएंगे।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी रेवाड़ी।



## नव वर्ष के उपलक्ष्य में गोक्रांति गोशाला में हवन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को नव वर्ष के उपलक्ष्य में गोक्रांति गोशाला अंसल टाउन में हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोशाला प्रधान हवासिंह डागर ने की। यज्ञ के यजमान के रूप में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने शिरकत की। पुरोहित के रूप में सुखदेव आर्य ने हवन सम्पन्न कराया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि हमे अपने जीवन में शुभ कार्यों की शुरूआत गोसेवा व यज्ञ के साथ करनी चाहिए। गोसेवा का कार्य बहुत ही नेक कार्य है। इस अवसर पर दलीप शास्त्री को सनातन धर्म सभा के जिला अध्यक्ष बनने पर व गोसेवक दिनेश गोयल को सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। प्रदीप डागर ने कहा की गोसेवा का यह पुनीत कार्य पूरे समाज के सहयोग से चल रही है। कार्यक्रम में ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश, सतबीर सरपंच, डा युद्धवीर, ब्रह्मप्रकाश, निर्मल यादव, अन्नू डागर, विक्रम शास्त्री, दिनेश, प्रमोद शास्त्री व जीतू मौजूद थे।

## नाहड़ के दो सगे भाइयों ने रचा इतिहास

■ मनीष राव ने देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया

### डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। मनीष राव तथा राहुल यादव का अपने माता-पिता के साथ।

शहर के सेक्टर-4 में रह रहे मूलरुप से गांव नाहड़ निवासी दो सगे भाई मनीष राव तथा राहुल यादव ने एमबीबीएस व एमडी के बाद सुपर स्पेशलाइजेशन कोर्स डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन यानि डीएम की परीक्षा के इंस्टिट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट यानि आईएनआई-सीईटी में चयनित होकर अपने गांव, जिला तथा प्रदेश का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में मनीष राव ने जहां देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, वहीं राहुल यादव ने 34वां स्थान प्राप्त करके अपने प्रतिभा का परिचय दिया।

### दिल्ली में की पढ़ाई

सत्यवीर नाहड़िया ने बताया कि बावल के सरकारी स्कूल के मुख्याध्यापक सुनील यादव तथा ढालियावास के सरकारी स्कूल की जेबीटी अध्यापिका राधारानी याद्व के दोनों होनहार बेटों ने दिल्ली स्थित मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई में उत्कृष्टता हासिल की। मनीष राव ने जहां उदयपुर स्थित रविन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज से एनेस्थीसिया में एमडी की, वहीं राहुल यादव ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से मेडिसिन में एमडी की। अब डीएम की परीक्षा में भी दोनों भाइयों ने एक साथ एम्स दिल्ली व एम्स बठिंडा में चयनित होकर मिसाल कायम की है।



रेवाड़ी। शहीदों को नमन करते हुए संस्था के सदस्य।

### भीमा कोरेगांव में शहीद हुए सैनिकों को किया नमन

रेवाड़ी। माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर में वीरवार को 1 जनवरी 2018 को पुणे के नजदीक भीमा कोरेगांव में अंग्रेजों और पेशवाई शासन के बीच हुए संघर्ष में शहीद हुए महार सैनिकों की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था सदस्यों ने महार जाति के शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई युद्ध नहीं, परंतु सदियों से जाति उत्पीड़न का प्रतिसोध था, जिसमें 500 महार सैनिक 28000 पेशवा सैनिकों का मुकाबला नहीं कर सकते थे। भूख, प्यास, अपमान हिम्मत बना देती है, जिससे मानव क्रांति ला सकता है। इसी वजह से यह युद्ध जीतकर इतिहास बन गया। वक्ताओं ने कोरेगांव की लड़ाई के बारे में अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर डा. अतर सिंह दहिया, महिपाल सिंह, नारायण सिंह तंवर, हरिसिंह खींची, आरपी मेहरा व श्योकरण मेहरा ने अपने विचार रखे।



रेवाड़ी। स्कूल में नव वर्ष पर हवन करते हुए विद्यालय प्रबंधन।

### नव वर्ष पर विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों का पढ़ाया पाठ

बावल। नववर्ष के पावन अवसर पर मोहनपुर स्थित ज्ञानदीप स्कूल में विद्यालय प्रबंधन की ओर से हवन का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन से अरुण कुमार व शशिबाला के मार्गदर्शन में विद्यालय परिवार के सदस्यों ने हवन में आहूति डाली। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मृदुला राघव सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय में सकारात्मक वातावरण, सुख-शांति व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाचार्या राघव ने बच्चों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। इस मौके पर अरुण कुमार ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कार, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का विकास होता है।

## राजकुमार को दुबई में मिला एक्सीलेंस अवॉर्ड

■ यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। दुबई में अवार्ड लेते हुए शिक्षाविद् राजकुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

दुबई में आयोजित सक्षम समिट में शिक्षाविद् व उद्यमी राजकुमार यादव को प्रतिष्ठित सक्षम इंटरनेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड-2025 से सुशोभित किया गया है। उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। सक्षम समिट लाइफ चैंपियंस इकोसिस्टम यानि एलसीई का प्रमुख वार्षिक आयोजन है। एलसीई भारत का सबसे भरोसेमंद उद्यमी मेंटरशिप प्लेटफॉर्म है, जिसकी स्थापना 3 बार के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक और विजनरी मेंटर डा. अजय शेष एमडी पीएचडी की ओर से की गई। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर की जानी-मानी नामचीन हस्तियों द्वारा प्रदान किया, जिनमें सिंगापुर के कॉरपोरेट दिग्गज हेल्थ-सेफ्टी वेलबीइंग डायरेक्टर सारंग महाजन और प्रसिद्ध अमेरिकी लेखिका सोशलिस्ट रेबेका डाहल शामिल थे। इस उपलब्धि पर राजकुमार यादव ने कहा कि दुबई जैसे ग्लोबल हब में यह सम्मान पाना हमारी शैक्षणिक संस्था के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है। यह हमारी उस प्रतिबद्धता पर मोहर लगाता है, जिसमें हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के बिजनेस सिस्टम को बनाने पर जोर देते हैं। कार्यक्रम में भारत के सबसे होनहार उद्यमियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया, जहां उन्हें अपने व्यवसाय को ऑटोमेशन और सिस्टम के जरिए ग्लोबल ब्रांड बनाने की रणनीतियां सिखाई गईं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### पदभार संभालते ही शहर के लोगों ने किया खुशी का इजहार

# अजय सिंहल रेवाड़ी से दूसरे डीजीपी, इससे पूर्व भाटोटिया रह चुके

1992 बैच के आईपीएस अधिकारी मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस में सेवा दे चुके हैं अजय सिंहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीजीपी अजय सिंहल।

प्रदेश के डीजीपी के रूप में अजय सिंह का नाम जिले से दूसरे अधिकारी के रूप में शामिल हो गया है। इससे पूर्व अजीत सिंह भाटोटिया भी डीजीपी के रूप में जिले के नाम गौरवान्वित कर चुके हैं। अजय सिंहल के डीजीपी के रूप में पदभार ग्रहण करने से न सिर्फ उनके परिजनों, बल्कि शहर व जिले के लोगों में भी खुशी का माहौल है। जिले के गांव डूंगरवास निवासी 1968 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। अहीरवाल क्षेत्र से पहले आईपीएस अधिकारी थे, जो ओमप्रकाश चौटाला के शासनकाल में प्रदेश के डीजीपी बने थे। सेवानिवृत्ति के बाद वह अपने गांव डूंगरवास में ही रहे, जहां लगभग दो साल पहले उनका निधन हो गया। अब प्रदेश के डीजीपी के रूप में अजय सिंहल का नाम दूसरे अधिकारी के रूप में शामिल हो गया। अजय सिंह मूल रूप से शहर के मोहल्ला बास सिताबराय के रहने वाले हैं। उनके पिता सरकारी सेवा में रहते हुए दिल्ली शिफ्ट कर गए थे। सिंहल ने दिल्ली आईआईटी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करने के बाद एमईएस ज्वाइन कर ली थी। बाद में यूपीएससी की परीक्षा करते हुए वह 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी बने। तेजतर्रार और कर्तव्यनिष्ठ होने के कारण उन्हें वर्ष 2008 में पुलिस मेडल और वर्ष 2017 में राष्टÑपति मेडल से नवाजा गया था। नायब सिंह सैनी सरकार ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए अजय सिंहल पर जो विश्वास जताया है, उससे जिले व शहर के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

### अनेक पदों पर रहते हुए किए सराहनीय कार्य

अजय सिंहल के चचेरे भाई संदीप सिंहल के मुताबिक उनके परिवार के अधिकांश सदस्य नौकरी और व्यवसाय के चलते गुरूग्राम, दिल्ली व मुंबई में शिफ्ट हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन से ही कर्तव्यनिष्ठ रहे अजय सिंहल ने आईपीएस ज्वाइन करने के बाद सीआईडी से लेकर पुलिस विभाग के अनेक पदों पर कार्य किया। उन्होंने एसपी व आईजी पर रहते हुए दबंग पुलिस अफसर के रूप में पहचान बनाई। उनके डीआईजी बनने से पूरे परिवार में जश्न का माहौल बना हुआ है।

### सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर धरना जारी

रेवाड़ी। रामगढ़ भगवानपुर में 200 बेड के नागरिक अस्पताल के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना वीरवार को 199वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। रामगढ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक व सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि आज नव वर्ष का दिन मांग को पूरा कराने के लिए संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने सरकार से अस्पताल निर्माण की जायज मांग को जल्द पूरा करने की मांग की। उन्होंने बताया कि 2 जनवरी को धरनास्थल पर प्रेस वार्ता का आयोजन होगा। इस मौके पर कॉमरेड राजेंद्र सिंह, अभय सिंह फिदेड़ी, सुधीर कुमार एडवोकेट मीरपुर, शेरसिंह मीरपुर, संतोष सुनारिया, खेमचंद पूर्व सरपंच ढाकिया, राहुल चाहर सिलानी रहे।